Seventeenth Loksabha

p>

Title: Regarding compensation to the people affected by river erosion in Kishanganj.

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) : सर, थैंक्यू । मेरा क्वेश्चन कुछ दिन पहले आया था, लेकिन नंबर नहीं आ पाया था । हमारे यहां पिछले कई सालों से नदी के कटाव से हजारों एकड़ जमीनें बर्बाद हो रही हैं । मैंने बिहार सरकार को 176 गावों की लिस्ट दी है, जहां पर नुकसान हुआ है । मेरी आपके जरिए एक गुजारिश होगी कि जिनकी जमीनें गई हैं, उनको जमीनें मिलनी चाहिए और जिनके घर बर्बाद हुए हैं, उनको घर का मुआवजा मिलना चाहिए । इसमें सबसे खतरनाक बात यह है कि कागजों का नुकसान हो गया है, चूंकि आदरणीय गृह मंत्री जी बार-बार कागजों के पूछने की बात करते हैं ।

माननीय सभापति: आपकी डिमाण्ड क्या है?

डॉ. मोहम्मद जावेद : सर, उनको कागज मुहैया कराए जाएं और महानदी बेसिन प्रोजेक्ट को अगले दो-तीन सालों में कम्प्लीट कराया जाए ।